| |
|---|
| दिनांक 25.12.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 33 / 2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पूर्व मा0 प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के जयन्ती के शताब्दी वर्ष पर पुलिस मुख्यालय में समारोह सम्पन्न

आज दिनॉकः 25.12.2024 को **पूर्व मा0 प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी** के जयन्ती के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर, लखनऊ विस्तार में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में **श्री प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0** द्वारा भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0** द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा गया कि आज हम भारत के पूर्व मा० प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के शताब्दी वर्ष पर उनके महान व्यक्तित्व और विचारधारा को याद कर रहे हैं। वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के प्रहरी और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक थे। उनके विचार हमें सेवा, न्याय और ईमानदारी के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं।

मा0 अटल जी का मानना था कि एक मजबूत राष्ट्र ईमानदारी और न्याय की नीव पर खड़ा होता है और इन मूल्यों के लिये उन्होने सदैव अपने सार्वजनिक जीवन में संघर्ष किया। उन्होने अपने प्रधानमंत्री रहते हुये बहुत सारे ऐसे कृत्य किये जो कि मील के पत्थर साबित हुये, उनमें से 1998 का परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध के दौरान जो हमें विजय 1999 में मिली, वह उनके नेतृत्व में ही प्राप्त हुयी। हम जो सड़को का जाल देख रहे है, ''स्वर्ण चतुर्भुज'' की परिकल्पना भी मा0 अटल जी ने की थी।

सार्वजनिक जीवन के दौरान उन्होने उत्तर प्रदेश से ही सांसद के रूप में लम्बे समय तक देश को अपनी सेवाए दी और राजधानी का प्रतिनिधित्व अनेकों बार किया।

उनकी सेवाओं को देखते हुये वर्ष 2015 में इन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। एक राजनेता के साथ–साथ अटल जी सरल हृदय व्यक्ति भी थे, उनकी अनेक रचनाएं हम लोगों ने सुनी भी है, पढ़ी भी है और विभिन्न प्लेटफार्म पर उनके साथी विस्तृत चर्चा भी करते है।

पुलिस के लिये उन्होने यह सन्देश दिया था कि कानून को निष्पक्षता और निर्भिकता से लागू करे तथा जनता के विश्वास को बनाये रखे उनके करूणा प्रधान नेतृत्व शैली हमे सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में प्रेरित करती है, जहॉ नागरिको के चिन्ताओं को समझते हुये उनके सहयोगी के रूप में काम किया गया, वे आधुनिकीकरण के समर्थक थे, जो परम्पराओं का सम्मान करते हुये तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देते हुये, उनके बताये हुये ऐसे अनेकों चींज जिनका अनुश्रवण विभिन्न विभागों ने, जिसमें पुलिस विभाग भी शामिल है, ने समय–समय पर किया है और उनके बताये हुये रास्ते पर हम लोग चल रहे है।

मा0 अटल जी का यह भी कथन है कि जीत और हार जीवन का हिस्सा है, जिसे सन्तुलित दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिये तथा विपरीत परिस्थितियों में सामूहिक प्रयास और धैर्य के साथ कार्य करना चाहिये , उनके सिद्धान्तों को अपना कर पुलिस बल उनकी बिरासत का सम्मान करता है और समाज को अधिक सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में हम लगातार अग्रसर है । आज उनके जयन्ती के शताब्दी वर्ष गॉठ पर हम सभी को उनके आर्दशों से प्रेरणा लेकर संकल्प लेना चाहिये कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे। हमारा लक्ष्य होना चाहिये कि हम उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनायेगें जहॉ पर हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित, सशक्त महसूर करें।

आईये हम सब अटल जी के बताये मार्ग पर चलते हुये एक सशक्त सम्बृद्ध और धर्म निरपेक्ष्य समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करे।

आप सभी को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की ज्यन्ती पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूॅ।

जयहिन्द





| |
|---|
| दिनांक 25.12.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 34/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा वर्चुअल कान्फ्रेन्सिंग के मध्यम से सुशासन दिवस के अवसर पर ई–ऑफिस प्रणाली का जनपद कन्नौज के समस्त थानों/कार्यालयों व शाखाओं शत प्रतिशत लागू करते हुए शुभारंभ और उद्घाटन किया गया

**श्री प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा आज दिनांक 25.12.2024 को वर्चुअल कान्फ्रेन्सिंग के मध्यम से सुशासन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द के पर्यवेक्षण में जनपद कन्नौज में क्रियान्वित ई–ऑफिस का उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया।

ई–ऑफिस पहल का उद्देश्य पुलिस विभाग के भीतर प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाना है, जिससे दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। कन्नौज के सभी थानों व शाखाओं में ई–ऑफिस का कार्यान्वयन किया गया है । उद्घाटन के दौरान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 ने प्रौद्योगिकी को अपनाने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में पुलिस अधीक्षक कन्नौज के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि कन्नौज पुलिस ने ई–ऑफिस क्रियान्वित करने वाला प्रदेश का पहला जनपद बनने की उपलब्धि प्राप्त की है।

ई–ऑफिस पुलिस कार्यालय से लेकर सभी शाखों थानास्तर पर लागू किया है साथ ही जनपद में अन्य नवाचार जैसे शूटिंग रेंज चिल्ड्रन पार्क व पुलिस कर्मियों और बच्चों के लिए किए गए कार्यों की सराहना की गयी । पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा कन्नौज पुलिस में ई ऑफिस के शत प्रतिशत सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मो0 रईस प्रधान लिपिक जनपद कन्नौज, उ0 नि0 लेखा त्रिपुरेश तिवारी आंकिक शाखा जनपद कन्नौज, कंप्यूटर ऑपरेटर सुशील प्रजापति डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेट सीसीटीएनएस , कंप्यूटर ऑपरेटर सुभाष सक्सेना प्रभारी ई ऑफिस, कांस्टेबल ज्ञानेंद्र EMD ई ऑफिस को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा की गयी। उन्होंने ई–ऑफिस के महत्व पर जोर दिया जो जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और पुलिस बल के समग्र कार्यप्रणाली को बढ़ाने में सहायक होगा। ई–ऑफिस एक digital workplace solution है। जिसका निर्माण NIC द्वारा किया गया है। ई–ऑफिस का विजन समस्त कार्यालय को सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज को प्राप्त करना है। यह केन्द्रीय सचिवालय नियमावली (CSMeOP) पर आधारित है ई–ऑफिस द्वारा कार्यालयो में की जा रही सम्पूर्ण कार्यवाही को कागजरहित तथा अत्यधिक तीव्र बनाये जाने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है।

ई–ऑफिस के लाइव प्रजेंटेशन के दौरान पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा थाना तिर्वा के सुधार कार्य एवं अनुरक्षण हेतु 2 लाख रुपये दिये जाने का आदेश म ऑफिस के माध्यम से डिजिटली हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**ई–ऑफिस की कार्यप्रणालीः–**पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा जनपद कन्नौज में e–office प्रणाली की शुरुआत 10 नवम्बर 2023 में सर्वप्रथम प्रधान लिपिक कार्यालय व आंकिक शाखा में की गयी। जिसके सफल क्रियावन के उपरान्त जनपद के समस्त थाना व शाखाओं में ई आफिस प्रणाली शत–प्रतिशत लागू करने हेतु आवश्यक उपकरण जैसे स्कैनर, लैपटॉप एवं अन्य उपकरण क्रय किये गये तथा जनपद में नियुक्त समस्त थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी व उनके अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त कर्मचारियों की Gov ID व VPN तैयार कराया गया तथा समस्त प्रभारियों को ई–आफिस के माध्यम से हस्ताक्षर करने हेतु DSC (Digital Signature Certificate) बनवाये गये। साथ ही जनपद में ई–ऑफिस के सफल क्रियान्वयन हेतु एक नयी शाखा CRU (Central Registry Unit) का गठन किया गया जिसके द्वारा समस्त प्रकार की प्राप्त डाक को डिजिटली पंजीकरण कर ई–आफिस के माध्यम से सम्पूर्ण जनपद को वितरित करेगा और जनपद कन्नौज को डिजिटलाइज करने में अहम भूमिका निभायेगा। जनपद में ई–ऑफिस को पूर्ण रूप से लागू करने के लिये समस्त अधिकारी व कार्यालयों में नियुक्त कर्मचारियों को ई–ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया तथा समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को लैपटॉप वितरित किये गये। समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात आज दिनांक 25.12.2024 को सुशासन दिवस के अवसर पर शत–प्रतिशत ई–आफिस कार्यप्रणाली को आरम्भ किया गया। ई आफिस में अब तक कुल 1425 फाइलें एवं 2710 रिसिप्ट तैयार की जा चुकी हैं । इस प्रणाली के तहत आने वाले पत्राचार की स्कैनिंग और पंजीकरण के साथ–साथ पत्रावली बनाने, नोटिंग, रेफरेंसिंग, पत्राचार संलग्नकों, अनुमोदनार्थ आलेखों और अन्ततोगत्वा पत्रावलियों के साथ–साथ प्राप्तियों के संचरण समस्त कार्यवाही कागजरहित व इलेक्ट्रॉनिक ई–ऑफिस के माध्यम से की जायेगी। ई–ऑफिस प्रक्रिया से न सिर्फ दस्तावेजों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की झंझट से मुक्ति मिलेगी बल्कि कीमती समय की भी बचत होगी

**मोटी–मोटी फाइलों का जमाना गुजरे जमाने की बात**–पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी के डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने के लिए जिले में ई–ऑफिस प्रणाली को शत प्रतिशत लागू किया गया है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस में तकनीकी सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में बड़े कदम उठाये गए हैं। इसी दिशा में कन्नौज पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए सभी थानों व शाखाओं को 25 दिसंबर 2024 को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है। इस पहल के तहत थानों में मोटी–मोटी फाइलों का जमाना खत्म होगा और ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुचारू

रूप से संचालित किया जाएगा। कन्नौज उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बना जहां सभी पुलिस थानों और कार्यालयों में शत–प्रतिशत ई–ऑफिस प्रणाली पर काम होगा। पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने हाल ही में पुलिस कार्यालय में आयोजित एक समारोह में डिजिटल परिवर्तन की शुरुआत की है। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों व राजपत्रित अधिकारियों को लैपटॉप वितरित किए गए।

**पुलिसकर्मियों को दी गई ई–ऑफिस की ट्रेनिंग, थानों को उपलब्ध कराए गए तकनीकी उपकरण**–पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने बताया कि ई–ऑफिस प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों को ई–ऑफिस की तकनीकी जानकारी दी गई है। यह प्रणाली एनआईसी (नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर) द्वारा तैयार की गई है और यह केन्द्रीय सचिवालय नियमावली (CSMeOP)पर आधारित है। उन्होंने बताया कि ई–ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जिले में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। सभी पुलिस थानों और कार्यालयों को आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

**लंबित शिकायतों के निपटारे में आएगी और तेजी, मिलेगा त्वरित न्याय–** ई–ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य फाइलों और डेटा के डिजिटल प्रबंधन के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाना है। यह प्रणाली शिकायतों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को तेज बनाएगी, जिससे जनता को त्वरित न्याय मिल सकेगा। साथ ही डिजिटल फाइल के जरिये मॉनिटरिंग से अधिकारियों को कार्यों पर नजर रखने और निर्णय प्रक्रिया को सुगम बनाने में काफी मदद मिलेगी। वहीं ई–ऑफिस प्रणाली लागू होने से जनता को भी कई लाभ होंगे। इससे थानों में लम्बित शिकायतों के निपटारे में देरी नहीं होगी और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पारदर्शी के साथ समयबद्ध होगी। इसके अलावा थानों और जिला कार्यालयों में भ्रष्टाचार की संभावना भी कम होगी। कन्नौज पुलिस की पहल जनता के लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है। इससे न केवल पुलिसकर्मियों का कार्यभार कम होगा, बल्कि आमजन को पुलिस विभाग से जुड़ी सेवाओं का लाभ तेजी और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। कन्नौज पुलिस की यह पहल प्रदेश के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा है।

कन्नौज पुलिस में ई–ऑफिस के शत प्रतिशत सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।


मुख्यालय
पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
PREMIER


PREMIER


मुख्यालय
पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
SP KANNAUJ
DGPHQ UP
CCTNS
CCTNS KNJ
13:39 | e-Office Establishment by DGP Sir




KANNAUJ POLICE
eOffice
कन्नौज पुलिस ई-आफिस प्रणाली को शतप्रतिशत लागू करने वाला

| |
|---|
| **दिनांक 25.12.2024** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 35/2024** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद श्रावस्ती/थाना कोतवाली भिनगा**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 मोबाइल फोन, 01 डीवीआर**
- **चोरी करने के उपकरण आदि बरामद**

दिनांक 25.12.2024 को थाना कोतवाली भिनगा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम पुरैनिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त शिवकुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 03 मोबाइल फोन, 01 डीवीआर, चोरी करने के उपकरण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद गोण्डा, बहराइच के विभिन्न थानो में चोरी आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली भिनगा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली भिनगा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शिवकुमार निवासी खरगौरा जनुप थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—चोरी के 03 मोबाइल फोन, 01 डीवीआर।

2—चोरी करने के उपकरण आदि।

**जनपद इटावा/थाना वैदपुरा**

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 24/25.12.2024 की रात्रि थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महोला रोड पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाश द्वारा की गई फायरिंग में एक उ0नि0 घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त पवन कुमार उर्फ बन्टी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद इटावा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, गैंगेस्टर एक्ट, धोखाधड़ी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना वैदपुरा पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना वैदपुरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–पवन कुमार उर्फ बंटी निवासी नगला देवसन थाना वैदपुरा जनपद इटावा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना रामपुरकलां

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी के 30 हजार 500 रूपये नगद**
- **चोरी का 01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 25.12.2024 को थाना रामपुरकलां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सुरजनपुर मोड़ के पास से 05 अभियुक्तों 1–निशान्त 2–अमन 3–विमल 4–दिव्यांश 5–स्वपनिल को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट/चोरी के 30 हजार 500 रूपये नगद, चोरी का 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.12.2024 को थाना रामपुरकलां क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रामपुरकलां पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट/चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुरकलां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–निशान्त निवासी ग्राम बलुईया थाना सिधौली जनपद सीतापुर।

2–अमन निवासी जखवा महमदापुर थाना अतरौली जनपद हरदोई।

3–विमल निवासी ग्राम बलुईया थाना सिधौली जनपद सीतापुर।

4–दिव्यांश निवासी शेखवापुर, मरहमत नगर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर।

5–स्वपनिल निवासी शेखवापुर, मरहमत नगर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1—लूट/चोरी के 30 हजार 500 रूपये नगद।

2—चोरी का 01 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना चकेरी

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 02 चार पहिया वाहन**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 25.12.2024 को थाना चकेरी, थाना महराजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर न्यू एयर पोर्ट चकेरी रोड पुलिया के पास से 04 अभियुक्तों 1—अभिषेक 2—आकाश 3—सचिन 4—मोहित को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को बाल संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की 02 चार पहिया वाहन, 03 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चकेरी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अभिषेक निवासी संजीव नगर थाना चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

2—आकाश निवासी संजीव नगर अहिरवा थाना चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

3—सचिन निवासी घाघपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

4—मोहित निवासी भदाशा थाना महराजपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—लूट की 02 चार पहिया वाहन।

2—03 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद सहारनपुर/थाना बिहारीगढ़

- **घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 10 किलो ताबे का तार, 01 बैटरा, 01 चेंजओवर का सामान, 02 स्टार्टर के अन्दर का सामान आदि बरामद**

दिनांक 24.12.2024 को थाना बिहारीगढ़ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शिवालिक जाने वाले रास्ते से 03 अभियुक्तों 1–उस्मान 2–शावेज 3–शहबान को गिरफ्तार कर डकैती की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 10 किलो ताबे का तार, 01 बैटरा, 01 चेंजओवर का सामान, 02 स्टार्टर के अन्दर का सामान आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि 13/14.12.2024 को थाना बिहारीगढ़ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा डकैती की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बिहारीगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद ताबे का तार आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–उस्मान निवासी पठानपुरा कस्बा व थाना मंगलौर हरिद्वार उत्तराखण्ड।

2–शावेज निवासी पठानपुरा कस्बा व थाना मंगलौर हरिद्वार उत्तराखण्ड।

3–शहबान निवासी तेलपुरा थाना बुग्गावाला हरिद्वार उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1–लूटे गये 10 किलो ताबे का तार, 01 बैटरा, 01 चेंजओवर का सामान, 02 स्टार्टर के अन्दर का सामान आदि।

## जनपद गोण्डा/थाना को0कर्नलगंज

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **सोने–चाँदी के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.12.2024 को थाना को0कर्नलगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गज्जू पुरवा के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सुनील घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से सोने–चाँदी के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अयोध्या, बस्ती के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना को0कर्नलगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–सुनील निवासी ग्राम थर पतिसा थाना को0कर्नलगंज जनपद गोण्डा।

### बरामदगी

1–सोने–चाँदी के आभूषण।

2–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बाराबंकी/थाना कुर्सी

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 कॉपर के पाटे**
- **18 हजार 900 रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 25.12.2024 को थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–मंजीत 2–दिलीप कुमार 3–जितेन्द्र 4–धनिराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 कॉपर के पाटे, 18 हजार 900 रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23/24.12.2024 को थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध मे थाना कुर्सी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद कॉपरके पाटे आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कुर्सी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–मंजीत निवासी ग्राम चकरीमबाद थाना देवा जनपद बाराबंकी।

2–दिलीप कुमार निवासी ग्राम उनई थाना इंटौजा कमिश्नरेट लखनऊ।

3–जितेन्द्र निवासी ग्राम खेवली थाना देवा जनपद बाराबंकी।

4–धनिराज निवासी ग्राम मुनीमपुर बरतरा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी।

### बरामदगी

1–चोरी के 03 कॉपर के पाटे।

2–18 हजार 900 रूपये नगद आदि।

**एस0टी0एफ0–अन्तर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित/सैम्पल/संदिग्ध नकली दवाओं की सप्लाई एवं भण्डारण करने वाले गिरोह का 01 सदस्य आगरा से गिरफ्तार, भारी मात्रा में प्रतिबन्धित दवा बरामद।**

दिनांक 25–12–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित/ सैम्पल/संदिग्ध नकली दवाओं की सप्लाई एवं भण्डारण करने वाले गिरोह के 01 सदस्य को थाना क्षेत्र जगनेर, जनपद आगरा से गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अलग–अलग कम्पनियों के प्रतिबन्धित दवा बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

1– अमित कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी वर्मा कालोनी, थाना जगनेर, कमिष्नरेट आगरा।

**बरामदगीः–**

1– करीब 96 प्रकार की विभिन्न कम्पनियो/ब्राण्ड की प्रतिबंधित व सैम्पल/संदिग्ध दवाएं (कीमत करीब 50 लाख)

2– 02 अदद मोबाइल फोन।

3– 1200/– रू0 नगद।

4– 01 अदद आधार कार्ड

5– 01 अदद पेन कार्ड

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः–**

स्थानः बिन्दल कैमिस्ट रूपबास रोड, कस्बा थाना क्षेत्र जगनेर आगरा दिनांक 25–12–2024, समय 05.50 बजे।

एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को विगत काफी दिनों से अन्तर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित व सैम्पल की दवाओ के भण्डारण/ब्रिकी करने के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री राकेश, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, आगरा के पर्यवेक्षण में एसटीएफ फील्ड इकाई, आगरा द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

निरीक्षक श्री यतीन्द्र शर्मा हे0का0 प्रशान्त कुमार, हे0का0 अमित चौहान, हे0का0 प्रदीप यादव हे0का0 कृष्णवीर सिंह की टीम अभिसूचना संलकन के उद्देश्य से भ्रमणशील थी। इस दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम द्वारा प्रतिबन्धित/सैम्पल दवाओं की बिक्री/भण्डारण करने वाले गिरोह का एक सदस्य को बिन्दल कैमिस्ट रूपबास रोड, थाना क्षेत्र जगनेर आगरा से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबन्धित/सैम्पल दवाएं बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त अमित कुमार ने पूछताछ पर बताया कि उसका बिन्दल कैमिस्ट के नाम से लाईसेंस है। संदिग्ध नकली/प्रतिबन्धित सैम्पल दवाएं सस्ते दामों में आगरा के फुब्वारा दवा मार्केट से खरीद कर लाता है एवं कुछ दवाएं लोकल ट्रान्सपोर्ट के माध्यम से भी मंगाता है। इन दवाओं की जगनेर के आस–पास क्षेत्रों में एवं राजस्थान के कुछ जगहो पर सप्लाई करता है। इन दवाओ के अतिरिक्त नशे के रूप में प्रयोग होने वाली दवाओं एवं इन्जेक्शन की सप्लाई भी करता है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना जगनेर, आगरा पर मु0अ0सं0 173/2024 धारा–316(2), 318(4), बीएनएस व 18ए/28 औषधि और प्रसाधन अधि0 1940 व 22 (सी)/29 स्वापक औषधि व मनप्रभावी पदार्थ अधि0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्तर पर की जा रही है।

——————